# कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम(म0प्र0) 457001

01 कालेज रोड रतलाम दूरभाष 07412-270555 फैक्स नं. 07412-270556
Email- commratlam@mpurban.gov.in Website- www.rmcratlam.in

क्रमांक 273 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 19-2-2022

## // बैठक कार्यवाही विवरण //

दिनांक 19-2-2022 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही :-

1- श्री विकास सोलंकी, उपायुक्त
2- श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री,
3- श्री श्याम कुमार सोनी, प्र0 सहायक यंत्री,
4- श्री एम0के0 जैन, प्र0सहायक यंत्री
5- श्री अरविन्द दशोत्तर, प्र0सहायक यंत्री,
6- श्री एस0पी0 आचार्य, प्र0सहायक यंत्री
7- श्री भैयालाल चौधरी, उपयंत्री,
8- श्री राजेश पाटीदार, उपयंत्री
9- श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री
10- श्री मनीष तिवारी, उपयंत्री,
11- श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री
12- सुश्री दिक्षा निजामपुरकर, उपयंत्री
13- श्री ए0पी0सिंह, जोन प्रभारी-3,
14- श्री धर्मेन्द्र दोगाया, उद्यान पर्यवेक्षक जोन प्र0 -2
15- श्री किरण चौहान, जोन प्रभारी जोन प्रभारी -1
16- श्री विनयसिंह चौहान, जोन प्रभारी, जोन प्रभारी -4
17- श्री अनिल खरे, सहा0वर्ग-3
18- श्री गोपाल झालिवाल, सहा0वर्ग-2
19- श्री विजय कपूर, स0रा0नि0
20- श्री प्रदीप उपाध्याय, स0रा0नि
21- श्री इलियास मन्सूरी, स0रा0नि0
22- श्री एहसान खान, स0रा0नि
23- श्री महेश व्यास, स0रा0नि
24- श्री विष्णु कुमावत स0रा0नि
25- श्री दिनेश राठौर, सहा0वर्ग-3
26- श्री हरेश जोशी, सहा0वर्ग-3
27- श्री जितेन्द्र सिसोदिया,
28- श्री विराट मेहरा
29- श्री सोरभ काला,
30- श्री राकेश पाण्डे,

बैठक में उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों के समक्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अन्तर्गत सौपे गये दायित्वों, किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई तथा इस विषय में चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्देश दिये गये :-

1- समस्त नोडल अधिकारी प्रतिदिन वार्डो में भ्रमण कर दिये गये निर्देशानुसार कार्य करें, कर्मचारियों की उपस्थिति / अनुपस्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करें, समस्त कर्मचारियों को आयुक्त द्वारा अवकाश स्वीकृति दी जाती है, अतः यदि अवकाश आवेदन स्वीकृत हो तो ही अवकाश माना जावे, तत्संबंधी जानकारी प्रतिदिन प्रातः 8-00 वाट्स एप पर डाले ।

(कार्यवाही- वार्ड हेतु नियोजित पर्यवेक्षण अधिकारी)

2— साप्ताहिक अवकाश के दिन सफाई कार्य हेतु कर्मचारियों को लगाये जाने के संबंध में चारो जोन प्रभारी अपने—अपने जोन के प्रत्येक वार्ड से 2—2 कर्मचारियों का नाम स्वास्थ्य अधिकारी को देवे, स्वास्थ्य अधिकारी अवकाश वाले दिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाने हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें । उक्त 100 कर्मचारी अवकाश के दिन शहर के प्रमुख स्थानो पर जहां सफाई कार्य आवश्यक होता है, वहां सफाई करावेगे, ऐसे स्थलो का चयन कर चारो जोन प्रभारी अवगत करावें । तदनुसार दिनांक 21—2—2022 से उक्तानुसार कर्मचारियों की कार्य व्यवस्था बाबत उपायुक्त आदेश जारी करे ।

(कार्यवाही— उपायुक्त, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियोजित कर्मचारी)

3— सिटी ब्यूटिफिकेशन के संबंध में प्रत्येक वार्ड में एक—एक स्थान का चयन कर दिनांक 20—2—2022 तक प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, श्री मो0हनीफ शेख, प्र0कार्यपालन यंत्री)

4— प्लास्टिक प्रतिबंध — समीक्षा के दौरान अमानक प्लास्टिक पर प्रतिबंध के संबंध में म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पत्र में उल्लेखित अनुसार प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सामग्री के विरूद्ध कार्यवाही की जावे, स्पाट फाइन की दरे तय किये जाने बाबत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी )

5— जीन क्षे़त्रो में अभी भी जी0वी0पी है, उन्हे अगले 3 दिनों में बन्द किये जावे, जहां जी0वी0पी0 बन्द किया है, उस स्थान पर रांगोली बनवाई जावे, नियत समयावधि पश्चात जिस क्षेत्र में जी0वी0पी0 पाया जावेगा उस क्षेत्र के जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियुक्त पर्यवेक्षण अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जाकर 7—7— दिन का वेतन काटा जावेगा ।

(कार्यवाही— प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी एवं वार्ड हेतु नियोजित कर्मचारी)

6— नगर निगम के वाहनों में लगे जी0पी0एस0 मानिटरींग हेतु श्री सौरभ काला को दायित्व सौपा गया है, तदनुसार निगम के प्रत्येक वाहनो को पूरे समय चेक करे, एवं प्रत्येक वाहनवार गन्तव्य स्थानो के संबंध में जानकारी प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही श्री सौरभ काला)

7— अपने—अपने कार्य क्षेत्रान्तर्गत खुले में पेशाब करने वाले के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश पूर्व में दिये गये है, किन्तु ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की गई है, अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करे, सोशल मिडिया एवं प्रेस विज्ञप्ति जारी करे, जिस वार्ड/क्षेत्र में खुले में मल/मूत्र त्याग पाया जाने पर उस क्षेत्र के जोन प्रभारी, एवं वार्ड दारोगा तथा वार्ड हेतु नियुक्त पर्यवेक्षणकर्ता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावेगी, तथा 7—7— दिन का वेतन काटा जावेगा । यूरीनल हेतु शहर में स्थान चयन करे, वहां 20—25 अस्थायी यूरिनल क्रय कर स्थापित करें ।

(कार्यवाही, श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री एवं चारो जोन प्रभारी, वार्ड हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

8— खाली प्लाटो पर कचरा फैलाने वाले की सूची तैयार कर बैठक में दिये निर्देशानुसार संबंधित को स्वास्थ्य अधिकारी नोटिस जारी करें एवं फाईन वसूला जावे ।

(कार्यवाही—प्र0स्वास्थ्य अधिकारी चारो जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी )

9— सी0टी0 / पी0टी0 की सफाई, धुलाई निरन्तर करवाते रहे, उक्त कार्य की निरन्तर मानिटरींग चारो जोन प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी करते रहे । सी0टी0 / पी0टी0 में आवश्यक मरम्मत, रंगाई–पुताई, नलो में टोटियां प्रकाश व्यवस्था, जहां पानी भरने की व्यवस्था नहीं है, वहां व्यवस्था करना यदि शेष हो तो तत्काल कराई जावे, सी0टी0 / पी0टी0 पर एक एक कर्मचारी की ड्यूटी प्र0स्वास्थ्य अधिकारी लगावे ।

(कार्यवाही श्री सुरेश व्यास, श्री मो0 हनीफ शेख,प्र0 कार्यपालन यंत्री, श्री एस0पी0 आचार्य प्र0 प्रकाश विभाग, चारो जोन प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी)

10— सैलाना रोड़ ओव्हर ब्रिज, डी0आर0एम0 आफिस, सर्किट हाउस आदि स्थानों की वाल पैंटिंग हेतु चर्चा में दिये निर्देशानुसार करवाई जावे, पैंटिंग कार्य में बहूत धीमी गति से हो रहा है, इसमें तेजी लाई जावे ।

(कार्यवाही श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री एवं श्री बृजेश कुशवाह, उपयंत्री)

समस्त अधिकारी कर्मचारी जिन्हे दायित्व सौपा गया है, वह कार्य नियत समयावधि में पूर्ण करें ।

उपरोक्तानुसार एवं चर्चा के दौरान दिये गये अन्य निर्देशों का समस्त संबंधित पालन सुनिश्चित किया जाना सुनिश्चित करें ।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम,रतलाम
दिनांक 19—2—2022

पृ0क्र0 / 273 / सा0प्र0 / 2022
प्रतिलिपि :—

1— कलेक्टर एवं प्रशासक, नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर सुचनार्थ ।
2— सर्व संबंधित श्री ———————————————नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर पालनार्थ प्रेषित ।

आयुक्त, 19/2/22
नगरपालिक निगम, रतलाम